प्रभारी
डा. गीता सिंह
सा. सां. परिषद्

# "साहित्यिक - सांस्कृतिक परिषद्" (1)

गत वर्षों की भाँति इस वर्ष 2025-26 में परिषद् द्वारा दिनांक 06/11/2025 से 11/11/2025 तक "उल्लास" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रो की पावन ऋचाओं के साथ यज्ञ के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि खुर्जा विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह के द्वारा यज्ञ में आहुतियाँ दी गई। इस अवसर पर शहर के गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. डिंपल विज के निर्देशानुसार सभी प्रतियोगिताओं की थीम "अंतरिक्ष में बढ़ते भारत के कदम" रही जिसका उद्देश्य इसरो की गतिविधियों से छात्राओं को अवगत कराना था। इस वर्ष भी अकादमिक गतिविधियों के साथ वाद-विवाद, नृत्य, गीत, काव्य, मूक अभिनय, प्रश्नोत्तरी, निबंध, स्लोगन, विज्ञापन आदि प्रतियोगिताएँ उल्लास के अन्तर्गत कराई गई।

दिनांक: 06/11/2025 को प्रतियोगिताओं का शुभारंभ डा. एकता चौहान के निर्देशन में प्रश्नोत्तरी तथा निबंध प्रतियोगिता से हुआ। जिसमें टीम आर्यभट (भावना, हिमशिखा) प्रथम, टीम चंद्रयान (कंचन गोस्वामी, ...) द्वितीय एवं टीम रोहिणी (मीनाक्षी, नंदनी) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध प्रति. में मान्या गोविल प्रथम, नेहा द्वितीय तथा कृतिका शर्मा तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका श्रीमती नीलू सिंह एवं डा. अनामिका द्विवेदी ने निभाई।

दिनांक: 07/11/2025 को प्रो. बीना माथुर के निर्देशन में "इसरो के अनुसंधान ही ~~पूर्ण~~ पूर्ण विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने का सशक्त मार्ग है" विषय पर वाद-विवाद प्रति. का आयोजन किया गया। लगभग 16 छात्राओं ने विषय के पक्ष व विपक्ष पर अपने विचार रखे। जिसमें आयुषी सैनी प्रथम, इरम द्वितीय तथा रिमशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय सत्र में स्लोगन प्रति. डा. मनु आर्या के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें प्रियंका प्रथम, रीना द्वितीय तथा उज्ज्वल सोलंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक: 08/11/2025 उल्लास कार्यक्रम के तृतीय दिवस में
हिन्दी, अंग्रेजी तथा संस्कृत भाषा में कविता पाठ प्रति० का आयोजन किया। हिन्दी कविता पा
की संयोजिका प्रो. रेखा चौधरी, अंग्रेजी काव्य पाठ श्रीमती रश्मि
तथा संस्कृत काव्य पाठ डॉ. मनुआर्या के संयोजन में किया गया।
प्रतिभागियों ने अंतरिक्ष के विभिन्न पहलुओं पर अपनी प्रस्तुती दी
जिसमें गुनगुन कौशिक प्रथम, आयुषी सैनी द्वितीय, बुलबुल सोलंकी
मान्या गोयिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय सत्र में
डॉ. गीता सिंह के निर्देशन में इसरो में संचालित गतिविधियों
को मूक अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसमें कृतिका
ग्रुप प्रथम तथा नक्षत्र ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा।

इस अवसर पर डॉ. पूजा अग्रवाल, कवियत्री
प्राची अग्रवाल, श्रीमती साधना अग्रवाल, जयवीर सिंह उपस्थित र

दिनांक: 10/11/2025 को गीत प्रतियोगिता, चित्र
चित्रकला प्रति० तथा वर्किंग मॉडल ऑन स्पेस का आयोजन किया
गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक माथुर (visiting
faculty in ISRO In SPACE), प्रो वंदना शर्मा, श्रीमती रितु
मिन्हास, श्रीमती अनुजा मिन्हास उपस्थित रहीं। चित्रकला का
विषय विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं व उनके समाधान पर
केन्द्रित रहा। जिसमें प्रथम स्थान सुमैया, द्वितीय मनिष्का तोमर तथा
तृतीय स्थान नेहा व रिया ने संयुक्त रूप में प्राप्त किया। मॉडल
प्रति० में रिया प्रथम, खुशबू द्वितीय, तथा हिमशिखा तृतीय स्थान पर र
गीत प्रति० का आयोजन प्रो. रेखा चौधरी ने किया। जि
प्रथम कु. शिवानी, द्वितीय गुनगुन कौशिक तथा लावण्या व ज्योति ने तृती
स्थान पर किया। इस अवसर पर कवियत्री प्राची अग्रवाल व वर्षा गुप्ता
का विशेष सहयोग रहा। मुख्य अतिथि ने कहा कि इसरो को लेकर ऐसे
कार्यक्रमों का आयोजन करना अति सराहनीय है। * इसी क्रम में डॉ.
मनुआर्या के निर्देशन में विज्ञापन प्रति० का आयोजन भी किया गया।

दिनांक: 11/11/2025 को युवा महोत्सव के अन्तिम
दिवस रंगारंग मेले का आयोजन गृहविज्ञान विभाग तथा मेला
प्रभारी श्रीमती नीलू सिंह, प्रो. रेखा चौ० तथा डॉ. गीता सिंह के
निर्देशन में किया गया। इस अवसर शहर की सभी गणमान्यों
तथा छात्राओं द्वारा बनाये गये आर्टस, व्यंजनों का लुफ्त उठा
साथ चाउमीन, बर्गर पिज्जा के युग में देशी स्वाद व देशी खा
कॉर्नर की भी सराहना की।